# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2025

Your Path to Success

**1. अनुभवों के माध्यम से उनका आभास करके सीखना एवं उनके सामने आने वाली परिस्थितियों में व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित होना, क्या है?**

**(A) ठोस अनुभव**

**(B) चिंतनशील अवलोकन**

**(C) सार संकल्पना**

**(D) सक्रिय प्रयोग**

**उत्तर -** (A) ठोस अनुभव

**2. किसी कर्मचारी में निम्नलिखित में से किस विशेषता की आप सराहना नहीं करेंगे?**

**(A) सहयोगी**

**(B) गलत जानकारी वाला**

**(C) विनम्र**

**(D) समर्पित**

**उत्तर -** (B) गलत जानकारी वाला

**3. कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम को ______ में अधिनियमित किया गया।**

**(A) 1926**

**(B) 1948**

**(C) 1952**

**(D) 1956**

**उत्तर -** (C) 1952

**4. वेब पेजों के प्रदर्शन हेतु प्रयुक्त सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग ______ कहलाता है।**

**(A) खोज इंजन**

**(B) आमुख पृष्ठ**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) वेब परिवर्तक**

**(D) वेबस्थल**

**उत्तर -** (C) वेब परिवर्तक (वेब ब्राउज़र')

**5. आइ० एस० पी० का पूर्ण रूप क्या है?**

**(A) इन्फॉर्मेशन सर्च प्रोटोकॉल**

**(B) इन्टरनेट सर्विस प्रोसेस**

**(C) इन्फॉर्मेशन सर्विस प्रोवाइडर**

**(D) इन्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर**

**उत्तर -** (D) इन्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर

**6. उद्यमिता पारितंत्र में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक प्रासंगिक है?**

**(A) संस्कृति सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटक नहीं है।**

**(B) व्यवसाय वातावरण में आंतरिक एवं बाह्य, दोनों कारक सम्मिलित होते हैं।**

**(C) पारितंत्र, अचर प्रकार के बाज़ारों में कार्य करता है।**

**(D) ई० ई० तभी सफल होता है, जब उसमें सरकार सम्मिलित न हो।**

**उत्तर -** (B) व्यवसाय वातावरण में आंतरिक एवं बाह्य, दोनों कारक सम्मिलित होते हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह, उद्यमिता पारितंत्र घटकों का श्रेष्ठतम विवेचन है?**

**(A) जीवनचक्र एवं संवृद्धि**

**(B) सरकार एवं संविधान**

**(C) व्यवसाय वातावरण एवं वित्त**

**(D) संरचना एवं परिगणनाएँ**

**उत्तर -** (C) व्यवसाय वातावरण एवं वित्त

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**8. नेता कौन है?**

**(A) जो आदेश देता है**

**(B) जो नेतृत्व करता है**

**(C) जो प्रबंधन करता है**

**(D) जो पर्यवेक्षण करता है**

**उत्तर -** (B) जो नेतृत्व करता है

**9. निम्नलिखित में से किसे एक उद्यमी का प्रमुख गुण नहीं माना जा सकता ?**

**(A) प्रगतिशीलता**

**(B) उत्साह**

**(C) दूरदर्शिता**

**(D) गैर-अनुकूलनीयता**

**उत्तर -** (D) गैर-अनुकूलनीयता

**10. एस० एम० ई० का अभिप्राय है**

**(A) लघु एवं प्रमुख उद्यम**

**(B) लघु एवं मध्यम उद्यम**

**(C) लघु एवं मिश्रित उद्यम**

**(D) सेवा एवं विनिर्माण उद्यम**

**उत्तर -** (B) लघु एवं मध्यम उद्यम

**11. न लाभ-न हानि वाला बिंदु कहलाता है**

**(A) लाभ-अलाभ बिंदु**

**(B) अभिदान**

**(C) स्थिर लागत**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) निवेश पर प्रत्याय**

**उत्तर -** (A) लाभ-अलाभ बिंदु

**12. मजदूरी भुगतान अधिनियम कब लागू किया गया?**

**(A) 1926**

**(B) 1936**

**(C) 1948**

**(D) 1956**

**उत्तर -** (B) 1936

**13. क्रिया 'Go' का भूतकाल (द्वितीय रूप) है**

**(A) going**

**(B) gone**

**(C) went**

**(D) will go**

**उत्तर -** (C) went

**14. एक खिलौने को देखकर एक बच्चे का मुस्कुराता हुआ चेहरा प्रसन्नता का संकेत दे सकता है, जो एक उदाहरण है**

**(A) आसन का**

**(B) स्पर्श का**

**(C) संकेत का**

**(D) मुख भाव का**

**उत्तर -** (D) मुख भाव का

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**15. वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण हेतु एक व्यक्ति को कितने दिनों के भीतर आवेदन करना चाहिए?**

**(A) पंजीकरण हेतु दायी होने के 60 दिनों के भीतर**

**(B) पंजीकरण हेतु दायी होने के 30 दिनों के भीतर**

**(C) कोई समय-सीमा नहीं**

**(D) पंजीकरण हेतु दायी होने के 90 दिनों के भीतर**

**उत्तर -** (B) पंजीकरण हेतु दायी होने के 30 दिनों के भीतर

**16. जी० एस० टी० के अंतर्गत अनिवार्य पंजीकरण हेतु विक्रय राशि की अंतिम सीमा क्या है?**

**(A) ₹ 9 लाख**

**(B) यदि यह ₹ 20 लाख से अधिक हो**

**(C) ₹ 50 लाख**

**(D) पंजीकरण हेतु कोई सीमा नहीं**

**उत्तर -** (B) यदि यह ₹ 20 लाख से अधिक हो

**17. बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य :**

**(क) कार्यस्थल पर मनोहर अथवा रंग-बिरंगे परिधानों से बचना चाहिए।**

**(ख) दो पक्षों के बीच सहमति के बिन्दु को खोजना सामान्यतः संधिक्रम है।**

**उत्तर -**

**(क) सत्य**

**(ख) सत्य**

**18. बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य :**

**(क) पत्र, लिखित सम्प्रेषण का एक रूप है।**

**(ख) टी० क्यू० एम० अर्थात् टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर - (क) सत्य**

**(ख) सत्य**

**19. क्रिया का सही रूप भरकर निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को पूर्ण कीजिए :**

**(क) Rakesh has _______ (work) in healthcare industry for 15 years.**

**(ख) Her career _______ (be) quite successful.**

**(ग) Reshma is _______ (go) to visit her friend.**

**(घ) She has been _______ (stay) in India for last 5 years.**

**उत्तर -**

(क) Rakesh has ***worked*** in healthcare industry for 15 years.

(ख) Her career ***has been*** quite successful.

(ग) Reshma is ***going*** to visit her friend.

(घ) She has been ***staying*** in India for last 5 years.

**20. फाइल वायरस एवं ट्रोजन हॉर्स के बीच अन्तर्भेद कीजिए।**

**उत्तर - फाइल वायरस एवं ट्रोजन हॉर्स के बीच अन्तर्भेद :**

| आधार | फाइल वायरस | ट्रोजन हॉर्स |
|---|---|---|
| अर्थ | फाइल वायरस एक हानिकारक प्रोग्राम है, जो वैध फ़ाइलों से जुड़कर उन्हें संक्रमित कर देता है जैसे .exe या .com। | ट्रोजन हॉर्स एक हानिकारक प्रोग्राम है, जो उपयोगी सॉफ्टवेयर (जैसे गेम या टूल) बनकर उपयोगकर्ता को धोखा देता है। |
| प्रसार | यह एक फ़ाइल से दूसरी फ़ाइल में स्वयं फैल जाता है। | यह **अपने आप नहीं फैलता।** जब उपयोगकर्ता इसे डाउनलोड या इंस्टॉल करता है, तभी यह सक्रिय होता है। |
| कार्यप्रणाली | संक्रमित फ़ाइल खुलते ही यह सक्रिय होकर सिस्टम को नुकसान पहुँचाता है। | उपयोगकर्ता द्वारा इंस्टॉल या रन करने के बाद यह सिस्टम को नुकसान पहुँचाता है। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**21. चर्चा शिष्टता में 'करें' एवं 'न करें', क्या-क्या हैं?**

**उत्तर - चर्चा शिष्टता में 'करें' एवं 'न करें' :**

| चर्चा शिष्टता (Do's) | चर्चा शिष्टता (Don'ts) |
|---|---|
| चर्चा के दौरान दूसरों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनें। | बातचीत के बीच में दूसरों को टोकने से बचें। |
| अपनी बारी का इंतज़ार करें और धैर्य रखें। | आक्रामक भाषा या व्यक्तिगत टिप्पणियों का प्रयोग न करें। |
| हमेशा स्पष्ट, संक्षिप्त और विनम्र भाषा का उपयोग करें। | बहस करने या चर्चा को विवाद में बदलने से बचें। |
| तार्किक विचारों के साथ अपनी बात रखें। | ऊँची आवाज़ में न बोलें और अपना आपा न खोएं। |

**22. दूरी के सन्दर्भ में, नेटवर्क वर्गीकरण को दिखाते हुए एक सूची बनाइए।**

**उत्तर -** दूरी के संदर्भ में नेटवर्क वर्गीकरण:

- LAN (Local Area Network) : एक छोटे क्षेत्र जैसे घर या ऑफिस तक सीमित।
- MAN (Metropolitan Area Network) : एक शहर तक फैला नेटवर्क।
- WAN (Wide Area Network) : बड़े भौगोलिक क्षेत्र, जैसे देश या महाद्वीप तक फैला नेटवर्क।

**23. एल० ए० एन० तथा डब्ल्यू० ए० एन० के बीच अन्तर्भेद कीजिए।**

**उत्तर -** एल० ए० एन० तथा डब्ल्यू० ए० एन० के बीच अन्तर्भेद :

| विशेषता | LAN (Local Area Network) | WAN (Wide Area Network) |
|---|---|---|
| भौगोलिक दायरा | यह एक सीमित क्षेत्र जैसे घर, स्कूल या ऑफिस बिल्डिंग तक फैला होता है। | यह बड़े भौगोलिक क्षेत्र, जैसे कि पूरा देश या महाद्वीप तक फैला होता है। |
| गति और लागत | इसकी डेटा ट्रांसफर गति बहुत अधिक होती है और लागत कम होती है। | इसकी गति LAN की तुलना में कम हो सकती है और इसे स्थापित करना महंगा होता है। |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**24. सूचना सुरक्षा के सन्दर्भ में, 'करें' एवं 'न करें', क्या-क्या हैं?**

**उत्तर -** सूचना सुरक्षा के सन्दर्भ में, 'करें' एवं 'न करें' :

**करें :** मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और समय-समय पर उसे बदलें, एंटी-वायरस अपडेट रखें।

**न करें :** किसी अनजान व्यक्ति को अपना पासवर्ड न बताएं और संदिग्ध ईमेल या लिंक पर क्लिक न करें।

**25. उत्पादन के चार संसाधनों की एक सूची बनाइए।**

**उत्तर -** 1. भूमि, 2. श्रम , 3. पूँजी, 4. उद्यमिता

**26. संगठनात्मक संरचना का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** संगठनात्मक संरचना एक ऐसा ढांचा है जो संगठन के भीतर विभिन्न कार्यों, जिम्मेदारियों और रिपोर्टिंग संबंधों को परिभाषित करता है। यह स्पष्ट करता है कि कौन किसे रिपोर्ट करेगा और विभिन्न स्तरों पर निर्णय कैसे लिए जाएंगे।

**27. दुर्घटना प्रत्यावेदन क्या होता है?**

**उत्तर -** दुर्घटना प्रत्यावेदन वह आधिकारिक लिखित दस्तावेज है जिसमें कार्यस्थल पर घटी किसी दुर्घटना का पूरा विवरण होता है- जैसे दुर्घटना कब, कहाँ, कैसे हुई, उससे क्या नुकसान हुआ, और उसके कारण क्या थे।

**28. पी० एस० एम० ए० आर० टी० उद्देश्य क्या हैं?**

**उत्तर -** पी० एस० एम० ए० आर० टी० उद्देश्य :

- **P (Performance-based):** लक्ष्य प्रदर्शन-आधारित होना चाहिए, जो यह तय करने में मदद करे कि अपने जुनून (passion) तक कैसे पहुँचना है।
- **S (Specific):** लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और विशिष्ट होना चाहिए कि आप क्या हासिल करना चाहते हैं।
- **M (Measurable):** लक्ष्य को मापने योग्य होना चाहिए, ताकि आप जान सकें कि आपने कितनी प्रगति की है।
- **A (Achievable):** लक्ष्य ऐसा हो जिसे व्यावहारिक रूप से प्राप्त किया जा सके।
- **R (Relevant):** लक्ष्य आपके करियर और जीवन के उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक और सार्थक होना चाहिए।
- **T (Time-bound):** लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए।

**29. ठोस अनुभव एवं प्रतिबिंबित प्रेक्षण के बीच क्या अंतर है?**

**उत्तर - ठोस अनुभव एवं प्रतिबिंबित प्रेक्षण के बीच अंतर :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| आधार | ठोस अनुभव (Concrete Experience) | प्रतिबिंबित प्रेक्षण (Reflective Observation) |
|---|---|---|
| अर्थ | किसी स्थिति में व्यक्तिगत रूप से शामिल होकर अनुभव प्राप्त करना। | प्राप्त अनुभवों पर विचार करना, उन्हें देखना और उनका विश्लेषण करना। |
| प्रक्रिया | यह एक सक्रिय प्रक्रिया है जहाँ हम सीधे कार्यों को महसूस करते हैं। | यह एक विचारशील प्रक्रिया है जहाँ हम यह सोचते हैं कि अनुभव क्यों और कैसे हुए। |

**30. 'वर्ल्ड वाइड वेब' के किन्हीं चार लाभों की सूची बनाइए।**

**उत्तर -** वर्ल्ड वाइड वेब (World Wide Web) के चार लाभ निम्नलिखित हैं :

1. इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी तक आसानी से पहुँच प्राप्त होती है।
2. शिक्षा एवं अध्ययन के लिए उपयोगी सामग्री उपलब्ध होती है।
3. ई-मेल, सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से संचार करना आसान होता है।
4. ऑनलाइन खरीदारी, बैंकिंग तथा अन्य सेवाओं का लाभ घर बैठे लिया जा सकता है।

**अथवा**

**हम ई-मेल का उपयोग क्यों करते हैं?**

**उत्तर -** ई-मेल (E-mail) का उपयोग इंटरनेट के माध्यम से संदेश, दस्तावेज़, चित्र तथा अन्य फ़ाइलें एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक शीघ्रता से भेजने और प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह संचार का तेज़, सुविधाजनक तथा कम लागत वाला माध्यम है।

**31. दुर्सम्प्रेषण से आपका क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर -** दुर्संप्रेषण वह स्थिति है, जब प्रेषक द्वारा भेजे गए संदेश का अर्थ प्राप्तकर्ता सही प्रकार से नहीं समझ पाता या संदेश का गलत अर्थ निकाल लेता है। इसके कारण भ्रम, गलतफहमी तथा संचार में बाधा उत्पन्न होती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**32. क्लाउड कंप्यूटिंग का अर्थ संक्षेप में समझाइए।**

**उत्तर -** क्लाउड कम्प्यूटिंग ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से इंटरनेट की सहायता से डेटा, सॉफ्टवेयर तथा अन्य कंप्यूटर सेवाओं का उपयोग किया जाता है। इसमें डेटा और एप्लिकेशन स्थानीय कंप्यूटर के बजाय इंटरनेट पर उपलब्ध सर्वरों में सुरक्षित रहते हैं, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कहीं से भी उपयोग किया जा सकता है।

**अथवा**

**"व्यावसायिक संगठन एक जटिल संरचना है, जिसे संचालन के एक विशेष पैमाने के बाद स्वचालन की आवश्यकता होती है।" दिए गए कथन के आलोक में, ई० आर० पी० की संकल्पना की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** ERP एक ऐसा सॉफ्टवेयर सिस्टम है, जो किसी संगठन के विभिन्न विभागों - जैसे उत्पादन, खरीद, बिक्री, लेखा, मानव संसाधन तथा भंडारण को एक ही प्रणाली में जोड़कर कार्य करने में सहायता करता है। इसके माध्यम से संगठन के सभी विभाग एक ही डेटाबेस का उपयोग करते हैं, जिससे सूचनाओं का आदान-प्रदान सरल और तेज़ हो जाता है। ERP व्यवसाय की कार्यकुशलता बढ़ाने और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**33. एस० टी० डी० क्या है?**

**उत्तर -** STD का पूर्ण रूप 'Subscriber Trunk Dialing' है। यह एक ऐसी दूरसंचार प्रणाली है जो ग्राहक को किसी ऑपरेटर की सहायता के बिना, सीधे दूसरे शहरों या दूर के स्थानों पर टेलीफोन कॉल करने की सुविधा प्रदान करती है।

**34. साइबर आतंकवाद भारत में साइबर सुरक्षा हेतु एक नए खतरे के रूप में उभरा है। व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** साइबर आतंकवाद का अर्थ है इंटरनेट या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग करके सरकार, संस्थानों या आम जनता को डराना या नुकसान पहुँचाना। आज के डिजिटल युग में, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है क्योंकि यह महत्वपूर्ण डेटा, बैंकिंग प्रणालियों और सरकारी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाता है।

**अथवा**

**कर्मचारी प्रोत्साहन से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर -** कर्मचारी प्रोत्साहन वे अतिरिक्त लाभ या पुरस्कार हैं जो नियोक्ता अपने कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन करने, उत्पादकता बढ़ाने और कंपनी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देता है। यह वित्तीय (जैसे बोनस) या गैर-वित्तीय (जैसे सम्मान) हो सकता है।

**35. श्रवण के कोई चार प्रकार लिखिए।**

**उत्तर - श्रवण के चार प्रकार :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. सक्रिय श्रवण : वक्ता की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना और समझना।
2. सहानुभूतिपूर्ण श्रवण : वक्ता की भावनाओं और दृष्टिकोण को समझने का प्रयास करना।
3. आलोचनात्मक श्रवण : सूचनाओं का मूल्यांकन और विश्लेषण करना।
4. सराहनीय श्रवण : केवल आनंद या सराहना के लिए सुनना (जैसे संगीत या कविता)।

**अथवा**

**भर्ती एवं चयन में अन्तर्भेद कीजिए।**

**उत्तर - - भर्ती और चयन के बीच अंतर :**

| भर्ती (Recruitment) | चयन (Selection) |
|---|---|
| भर्ती का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य उम्मीदवारों को आवेदन के लिए आकर्षित करना होता है। | चयन का उद्देश्य सबसे उपयुक्त उम्मीदवार का चुनाव करना होता है। |
| यह एक सकारात्मक प्रक्रिया है। | यह एक नकारात्मक (Negative) प्रक्रिया है, क्योंकि इसमें अनुपयुक्त उम्मीदवारों को अलग किया जाता है। |
| भर्ती चयन से पहले की जाती है। | चयन भर्ती के बाद किया जाता है। |

**36. प्रदत्त एवं चुनी हुई पहचान से आपका क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर - प्रदत्त एवं चुनी हुई पहचान :**

- **प्रदत्त पहचान (Given Identity) :** प्रदत्त पहचान वह पहचान है जो व्यक्ति को जन्म से प्राप्त होती है। इसे व्यक्ति स्वयं नहीं चुनता। उदाहरण: नाम, परिवार, लिंग, जन्मस्थान, भाषा आदि।
- **चुनी हुई पहचान (Chosen Identity) :** चुनी हुई पहचान वह है जिसे व्यक्ति अपनी **रुचि, शिक्षा, कार्य और निर्णयों** के आधार पर स्वयं चुनता है। **उदाहरण:** शिक्षक, डॉक्टर, खिलाड़ी, कलाकार आदि।

**अथवा**

**अच्छे स्वविवरण का महत्त्व उजागर कीजिए।**

**उत्तर -** एक अच्छा स्वविवरण (Resume/CV) नौकरी प्राप्त करने का पहला कदम होता है। इसका महत्त्व निम्नलिखित है-

- यह उम्मीदवार का पहला प्रभाव प्रस्तुत करता है।
- इसमें शिक्षा, कौशल और अनुभव का संक्षिप्त विवरण होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

- इससे नियोक्ता को उम्मीदवार का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती है।
- एक अच्छा स्वविवरण साक्षात्कार (Interview) का अवसर बढ़ाता है।

**37. कोई चार बिन्दु लिखिए, जिनका ध्यान आप तर्कशील अनुच्छेद लिखते समय रखेंगे।**

**उत्तर -** तर्कशील अनुच्छेद लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए -

- विषय स्पष्ट और उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए।
- तर्क तथ्य एवं प्रमाण पर आधारित होने चाहिए।
- भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली होनी चाहिए।
- निष्कर्ष तर्कों के अनुरूप और उचित होना चाहिए।

**38. व्यावसायिक स्वच्छता के महत्त्व की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर - व्यावसायिक स्वच्छता के महत्त्व :**

- **स्वास्थ्य की सुरक्षा :** यह कर्मचारियों को बीमारियों, संक्रमण और दुर्घटनाओं से बचाती है।
- **कार्य क्षमता में वृद्धि :** स्वच्छ वातावरण में काम करने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता और उत्पादकता बढ़ती है।
- **दुर्घटनाओं में कमी :** साफ-सुथरे और व्यवस्थित कार्यस्थल पर फिसलने, आग लगने या मशीन दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है।
- **मानसिक संतोष :** स्वच्छ वातावरण कर्मचारियों में आत्मविश्वास और संतोष बढ़ाता है।

**39. औद्योगिक विफलताओं के कारण कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर - औद्योगिक विफलताओं के कारण :**

- **पूँजी की कमी –** पर्याप्त धन न होने से उद्योग का विकास रुक जाता है।
- **कुशल प्रबंधन का अभाव –** सही योजना और प्रबंधन न होने से कार्य प्रभावित होता है।
- **विपणन (मार्केटिंग) की कमजोरी –** उत्पादों की बिक्री कम होने से लाभ घटता है।
- **तकनीकी ज्ञान एवं प्रशिक्षण की कमी –** आधुनिक तकनीक का सही उपयोग नहीं हो पाता।
- **कच्चे माल की कमी –** समय पर कच्चा माल न मिलने से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **श्रमिक–प्रबंधन विवाद –** कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच विवाद से उत्पादन रुक सकता है।

**अथवा**

**दिए गए कथनों में त्रुटियाँ खोजिए एवं उन्हें सुधारिए:**

**(क) Both my grandparents is going to a Yoga camp.**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ख) A man were eating his food.**

**उत्तर -**

**(क)** Both my grandparents ***are*** going to a Yoga camp.

**(ख)** A man ***was*** eating his food.

**40. कार्यस्थल पर एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखना आवश्यक है परन्तु कभी-कभी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं, जिसके फलस्वरूप कर्मचारियों के बीच नकारात्मक सम्बन्ध बन सकते हैं। ऐसे किसी एक विवाद का उदाहरण दीजिए और उसे सुलझाने हेतु अपने सुझाव दीजिए।**

**उत्तर -** कार्यस्थल पर कर्मचारियों के बीच मतभेद होना सामान्य बात है। यदि समय पर समाधान न किया जाए तो इससे कार्य प्रभावित होता है।

**उदाहरण :** दो कर्मचारियों के बीच कार्य के बँटवारे को लेकर विवाद हो जाता है। दोनों एक-दूसरे को अधिक काम दिए जाने की शिकायत करते हैं।

**विवाद सुलझाने के सुझाव :**

1. दोनों पक्षों की बात ध्यान से और निष्पक्ष रूप से सुननी चाहिए।
2. शांतिपूर्वक चर्चा करके समस्या का समाधान निकालना चाहिए।
3. कार्य का उचित और समान वितरण करना चाहिए।
4. आवश्यकता होने पर वरिष्ठ अधिकारी या प्रबंधक की सहायता लेनी चाहिए।
5. सभी कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए।

**अथवा**

**मानवीय सामग्री निर्वाह के कोई तीन सिद्धांत लिखिए।**

**उत्तर - मानवीय सामग्री निर्वाह के तीन प्रमुख सिद्धांत निम्नलिखित हैं-**

1. **भार को शरीर के करीब रखना :** वस्तुओं को उठाते या पकड़ते समय उन्हें अपने शरीर (विशेषकर धड़) के जितना संभव हो सके करीब रखें, इससे पीठ पर दबाव कम होता है।
2. **पैरों का सही उपयोग :** सामान उठाते समय अपनी कमर से झुकने के बजाय घुटनों को मोड़कर पैरों की मांसपेशियों (legs) का उपयोग करें, क्योंकि वे कमर की तुलना में अधिक मजबूत होती हैं।

3. **झटके से बचें और संतुलन बनाए :** सामान उठाते समय या उसे रखते समय अचानक झटके न दें और अपने पैरों को स्थिर रखकर शरीर का संतुलन बनाए रखें, ताकि चोट लगने का जोखिम न हो।

**41. निम्नलिखित परिस्थितियों में आप क्या प्राथमिक उपचार देंगे (कोई तीन) ?**

**(क) जलना**

**(ख) झटका लगना**

**(ग) रीढ़ में चोट**

**(घ) रक्त बहना**

**उत्तर -**

**(क) जलना**

- जले हुए भाग को तुरंत ठंडे पानी से धोना चाहिए।
- साफ़ पट्टी बाँधकर आवश्यकता होने पर डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

**(ख) झटका लगना**

- सबसे पहले बिजली का स्रोत बंद करें।
- पीड़ित को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।

**(ग) रीढ़ में चोट**

- घायल व्यक्ति को बिल्कुल न हिलाएँ।
- एम्बुलेंस बुलाकर डॉक्टर की सहायता लें।

**(घ) रक्त बहना**

- घाव पर साफ़ कपड़ा या पट्टी रखकर दबाव डालें।
- रक्तस्राव न रुकने पर तुरंत अस्पताल ले जाएँ।

**42. लघु व्यवसाय लगाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए उचित योजना, संसाधन और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**लघु व्यवसाय स्थापित करने की प्रक्रिया :**

1. **व्यवसाय का विचार चुनना –** अपनी रुचि और बाज़ार की आवश्यकता के अनुसार व्यवसाय चुनें।
2. **बाज़ार का अध्ययन करना –** ग्राहकों की आवश्यकता और प्रतिस्पर्धा का पता लगाएँ।
3. **व्यवसाय योजना तैयार करना –** लागत, पूँजी, लाभ और विपणन की योजना बनाएँ।
4. **पूँजी की व्यवस्था करना –** स्वयं की बचत, बैंक ऋण या सरकारी योजनाओं से धन जुटाएँ।
5. **पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राप्त करना –** आवश्यक कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करें।
6. **व्यवसाय शुरू करना और प्रचार करना –** उत्पाद या सेवा उपलब्ध कराएँ तथा ग्राहकों तक पहुँच बनाएँ।

**अथवा**

**एक उपक्रम प्रारंभ करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सहायताओं का विवरण दीजिए।**

**उत्तर -** एक उपक्रम प्रारंभ करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सहायताओं का विवरण :

- **वित्तीय सहायता :** सरकार उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण और सब्सिडी प्रदान करती है। इसमें 'मुद्रा योजना' (MUDRA) प्रमुख है, जिसके अंतर्गत सूक्ष्म और लघु उद्यमों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है।
- **तकनीकी सहायता :** सरकार 'अटल इनक्यूबेशन सेंटर्स' (AIC) के माध्यम से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा, तकनीक और उपकरणों की सुविधा प्रदान करती है ताकि नए और अभिनव स्टार्टअप्स को सहारा मिल सके।
- **व्यावसायिक योजना एवं मार्गदर्शन:** अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के तहत, स्टार्टअप्स को व्यावसायिक योजना बनाने में मदद करने के लिए विशेषज्ञ मेंटर्स (Mentors) और सलाहकार उपलब्ध कराए जाते हैं।
- **कौशल विकास :** 'स्किल इंडिया' (प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय की योजना) के माध्यम से युवाओं को उद्योग के अनुकूल कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे अपना व्यवसाय कुशलतापूर्वक चला सकें।
- **डिजिटल इंडिया पहल :** इस कार्यक्रम के माध्यम से डिजिटल रूप से सशक्त समाज और अर्थव्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया है, जिससे उद्यमी अपनी सेवाओं को ऑनलाइन और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

**43. किन्हीं पाँच वस्तुओं का उल्लेख कीजिए, जिन्हें जी० एस० टी० के दायरे से बाहर रखा गया है।**

**उत्तर -** वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, निम्नलिखित पाँच वस्तुओं को वर्तमान में जी० एस० टी० के दायरे से बाहर रखा गया है:

1. **पेट्रोलियम क्रूड :** कच्चा तेल जी० एस० टी० के अंतर्गत नहीं आता है।
2. **पेट्रोल Petrol :** मोटर स्पिरिट या पेट्रोल को भी जी० एस० टी० से बाहर रखा गया है।
3. **हाई-स्पीड डीजल :** डीजल पर भी जी० एस० टी० लागू नहीं होता है।
4. **प्राकृतिक गैस :** प्राकृतिक गैस भी जी० एस० टी० की परिधि से बाहर है।
5. **विमान ईंधन :** हवाई जहाजों में उपयोग होने वाले ईंधन को भी जी० एस० टी० के दायरे से बाहर रखा गया है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** किसी कर्मचारी के साथ कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर उसे तथा उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 बनाया गया। यदि किसी कर्मचारी को कार्य करते समय दुर्घटना के कारण चोट लगती है, स्थायी या अस्थायी विकलांगता होती है अथवा उसकी मृत्यु हो जाती है, तो नियोक्ता द्वारा कर्मचारी या उसके आश्रितों को निर्धारित नियमों के अनुसार क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success